प्रेस नोट

दिनांक 16.09.2023

सराहनीय कार्य अमेठी पुलिस

थाना संग्रामपुर पुलिस व एसटीएफ की संयुक्त टीम द्वारा 50,000/- रूपये का पुरस्कार घोषित अपराधी गिरफ्तार ।

दिनांक 19.07.2023 को वादिनी शालिनी सिंह पुत्री दिनेश सिंह निवासी ग्राम धौरहरा थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी द्वारा थाना संग्रामपुर पर लिखित तहरीर दी गयी कि उनके पिता श्री दिनेश सिंह दिनांक 18.07.2023 की शाम लगभग 03:30 बजे अमेठी से घर आ रहे थे कि सहजीपुर भिटरी के पास 1.संजय कुमार सिंह उर्फ मुन्ना उर्फ स्व0 हरिहर सिंह, 2.दीपक सिंह पुत्र स्व0 पप्पू सिंह उर्फ रणविजय, 3.रवि शंकर पाण्डेय पुत्र स्व0 इन्द्र नारायण पाण्डेय निवासी उमरी जमादार का पुरवा थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ़ आदि द्वारा षड़यन्त्र करके लाठी-डण्डा व धारदार हथियार से पीटकर मार डाले हैं। जिसके संबंध में थाना संग्रामपुर पर मु0अ0सं0 103/23 धारा 302,120बी,506 भादवि पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 16.09.2023 को श्री श्रीराम प्रभारी निरीक्षक थाना संग्रामपुर मय हमराही व श्री आदित्य कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक एसटीएफ लखनऊ मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर मु0अ0सं0 103/23 धारा 147,149, 504, 506, 302,120बी भादवि थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी में वांछित व पुरस्कार घोषित अभियुक्त सुरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ सुरेन्द्र यादव पुत्र भोलानाथ यादव निवासी ग्राम अम्बरपुर थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 32 वर्ष को शंकरपुर चौराहा के पास से समय करीब 04:15 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त पर श्रीमान् पुलिस महानिरीक्षक, अयोध्या, परिक्षेत्र अयोध्या महोदय द्वारा 50,000 रुपये का पुरुस्कार घोषित किया गया है। गिरफ्तारी के संबन्ध में थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता–

- सुरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ सुरेन्द्र यादव पुत्र भोलानाथ यादव निवासी ग्राम अम्बरपुर थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 32 वर्ष।

पंजीकृत अभियोग-

- मु0अ0सं0 103/23 धारा 147,149,504,506,302,120बी भादवि थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

थाना संग्रामपुर-

1.श्री श्रीराम प्रभारी निरीक्षक थाना संग्रामपुर, 2.उ0नि0 रामलाल यादव, 3.उ0नि0 देवीदयाल मौर्या, 4.हे0का0 नरेन्द्र यादव, 5.का0 दिलीप कुमार।

एसटीएफ लखनऊ मुख्यालय लखनऊ टीम-

1.श्री आदित्य कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक एसटीएफ लखनऊ मुख्यालय टीम, 2.हे0का0 प्रशान्त सिंह, 3.हे0का0 गौरव सिंह, 4.हे0का0 रणधीर सिंह।

गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-

- मु0अ0सं0 470/20 धारा 323,504,506 भादवि थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी।